AI DUAL CAMERA
SHOT ON REDMI 7

प्रेस विज्ञप्ति

विषयः– शारीरिक दक्षता परीक्षा (पी0ई0टी0) हि0प्र0 पुलिस आरक्षी पदों की भर्ती के सन्दर्भ में ।

जो अभ्यार्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा (पी0ई0टी0)/ग्राउंड टेस्ट में भाग लेने के लिए योग्य पाये गए हैं उन्हें सैल फोन नम्बर जो उन द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में दर्शाए गए हैं, पर एस0एम0एस0 द्वारा सूचित किया जा रहा है । इसी तरह उन योग्य अभ्यार्थियों को पी0ई0टी0 के लिए एडमिट कार्ड उनकी ई–मेल पर जो उन द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में दर्शाई गई है, पर भेजे जा रहे हैं । सभी योग्य अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि उनके द्वारा किसी अन्य व्यक्ति का सैल फोन नम्बर या ई–मेल प्रयोग किया गया है तो वे तुरन्त उस व्यक्ति से सम्पर्क करके एस0एम0एस0 को चैक करें और मेल से एडमिट कार्ड को डाउनलोड/प्रिंट करें ।

यदि अभ्यार्थी किसी कारणवश एडमिट कार्ड का प्रिंटआउट नहीं ले पा रहे हैं तो हिमाचल प्रदेश पुलिस ने उन स्थानों पर भी जहां पी0ई0टी0/ग्राउंड टेस्ट हो रहे हैं, योग्य अभ्यार्थियों के एडमिट कार्ड प्रिंट करने का प्रबन्ध किया है । ऐसे मामलों में अभ्यार्थी को अपने साथ अपनी पहचान से सम्बन्धित आवश्यक दस्तावेज, सत्यापन हेतु लाना आवश्यक हैं ।

दिनांकः–18.06.2019

पुलिस अधीक्षक,
कानून एवं व्यवस्था तथा
पुलिस मीडिया ऑफिसर,
पुलिस मुख्यालय,हि0प्र0 शिमला।